




नवभारत
भोपाल, गुरुवार, 30 अप्रैल, 2026


# दिवंगत शिक्षक की जनगणना में लगी ड्यूटी

## विभागीय रिकॉर्ड अपडेट न होने से सरकारी सिस्टम की भारी लापरवाही आई सामने

**छतरपुर, 29 अप्रैल.** छतरपुर जिले के बड़ामलहरा अनुभाग से प्रशासनिक लापरवाही का एक ऐसा नमूना सामने आया है, जिसने पूरे सरकारी तंत्र की कार्यप्रणाली को कठघरे में खड़ा कर दिया है.

**▸ 2 वर्ष पूर्व हो गया था शिक्षक हरिश्चंद्र जैन का निधन**

यहाँ जनगणना कार्य के लिए जारी की गई आधिकारिक सूची में एक ऐसे शिक्षक का नाम शामिल किया गया है, जिनका निधन करीब दो वर्ष पूर्व ही हो चुका है. विभाग की इस 'जादुई' कार्यशैली ने रिकॉर्ड अपडेट करने के दावों की पोल खोल दी है. जानकारी के




अनुसार, माध्यमिक शिक्षक हरिश्चंद्र जैन का निधन 15 अप्रैल 2023 को हो गया था. नियमानुसार, कर्मचारी के निधन के तत्काल बाद विभागीय रिकॉर्ड और सेवा पुस्तिका अपडेट होनी चाहिए, लेकिन यहाँ माजरा उल्टा है. हाल ही में मकान सूचीकरण और जनगणना प्रशिक्षण के लिए जारी सूची में न केवल उनका नाम शामिल किया गया, बल्कि उन्हें बाकायदा जिम्मेदारी भी सौंप दी गई. इस घटना ने सोशल मीडिया और क्षेत्रीय स्तर पर प्रशासन की जमकर किरकिरी करा दी है. अब देखना यह है कि क्या इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार बाबुओं और अधिकारियों पर कोई गाज गिरती है या मामला फाइलों में दबा दिया जाएगा.

### रिकॉर्ड पर उठे सवाल

- दो साल से विभाग का डेटाबेस अपडेट क्यों नहीं किया गया?
- क्या वेतन और अन्य भत्तों के रिकॉर्ड में भी इसी तरह की खामी है?
- आखिर इस सूची की जांच करने वाला नोडल अधिकारी कौन है?

### सिस्टम की पारदर्शिता पर उठे सवाल

दिवंगत कर्मचारी का नाम ड्यूटी लिस्ट में आना इस बात का प्रमाण है कि संबंधित विभाग के अधिकारी और बाबू बंद कमरों में बैठकर केवल 'कॉपी-पेस्ट' का खेल खेल रहे हैं. स्थानीय लोगों और कर्मचारी जगत में इस घटना को लेकर भारी नाराजगी है. लोगों का कहना है कि जब प्रशासन को अपने दिवंगत कर्मचारियों का रिकॉर्ड तक पता नहीं है, तो वह आम जनता की जनगणना का कार्य कितनी सटीकता से करेगा? यह चूक सीधे तौर पर जवाबदेही और पारदर्शिता की कमी को उजागर करती है.

### सवालों से बच रहे जिम्मेदार अधिकारी

हैरानी की बात यह है कि इतनी बड़ी लापरवाही सामने आने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी अपनी गलती मानने या स्पष्टीकरण देने के बजाय चुप्पी साधे हुए हैं. अधिकारियों की यह रहस्यमयी चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है- क्या प्रशासन इस गंभीर चूक पर पर्दा डालने की कोशिश कर रहा है? इस संबंध में बड़ामलहरा एसडीएम अखिल राठौर से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी.




# कार ने बाइक को मारी टक्कर

## कार्यपालन अभियंता की कार से हुआ हादसा

**छतरपुर, 29 अप्रैल. शहर के पन्ना नाका क्षेत्र में बुधवार सुबह एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक घायल हो गया. बताया जा रहा है कि सुबह करीब 11 बजे बिजली विभाग के कार्यपालन अभियंता की कार ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी.**

हादसे में घायल युवक आदिवासी समुदाय से बताया जा रहा है. टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों और राजमिस्त्रियों ने तत्काल मदद करते हुए घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया.

जहां चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार जारी है. हादसे की सूचना मिलते ही संबंधित विभाग और पुलिस को अवगत कराया गया. फिलहाल मामले की जांच की जा रही है.



नीट परीक्षा की तैयारी

# कलेक्टर-एसपी ने किया निरीक्षण

**छतरपुर, 29 अप्रैल.** आगामी 3 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है. परीक्षा के सफल, पारदर्शी और व्यवस्थित संचालन के लिए जिले में कुल पांच परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं.

कलेक्टर पार्थ जैसवाल और पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय छतरपुर पहुंचकर परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने परीक्षा से जुड़ी सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. निरीक्षण के

**3 मई को 5 केंद्रों पर होगी नीट परीक्षा**
**सुरक्षा और व्यवस्थाओं पर विशेष जोर**

दौरान कलेक्टर ने प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए स्ट्रॉंग रूम में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने, सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था सुदृढ़ करने, परीक्षार्थियों की चेकिंग, सुरक्षा व्यवस्था और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि परीक्षा की गोपनीयता और निष्पक्षता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है. कलेक्टर ने सभी केंद्रों पर परीक्षार्थियों के लिए पेयजल, बैठने, प्रवेश, सुरक्षा और अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने अधिकारियों से कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाएं. निरीक्षण के दौरान तहसीलदार पीयूष दीक्षित और केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य मनीष रूसीया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

> जिले में नीट परीक्षा के लिए शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1, पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय नौगांव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2, शासकीय सीएम राइज मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय छतरपुर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है.

# थाने से भागा युवक, पुलिस ने दौड़कर पकड़ा

## सीसीटीवी में कैद हुआ पूरा घटनाक्रम


**छतरपुर, 29 अप्रैल.** शहर के सिटी कोतवाली थाने में बुधवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब पूछताछ के लिए लाया गया एक संदिग्ध युवक पुलिसकर्मियों की आंखों में धूल झोंककर थाने से ही फरार हो गया. पुलिस अभिरक्षा से युवक के भागते ही थाने में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में पुलिस बल उसके पीछे दौड़ा. यह पूरी घटना थाने में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है.

जानकारी के अनुसार, उक्त युवक को किसी मामले में पूछताछ के लिए कोतवाली बुलाया गया था. पुलिसकर्मी उससे पूछताछ की तैयारी कर ही रहे थे कि युवक ने नजर हटते ही मौका पाकर अचानक दौड़ लगा दी. जब तक परिसर में मौजूद

**सड़क पर चला 'फिल्मी चेज'**
**'कड़ा की बरिया' के पास दबोचा**

पुलिसकर्मी कुछ समझ पाते, युवक थाने की दहलीज पार कर सड़क पर ओझल होने लगा. युवक को भागता देख पुलिसकर्मियों ने भी मुस्तैदी दिखाई और उसके पीछे दौड़ लगा दी. शहर की व्यस्त सड़कों पर कुछ दूरी तक पुलिस और आरोपी के बीच फिल्मी अंदाज में लुका-छिपी और पीछा चलता रहा. दिनदहाड़े पुलिस को सड़क पर दौड़ते देख राहगीर और स्थानीय लोग भी हैरान रह गए और इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया.

पुलिस ने युवक को भागने से रोकने के लिए तुरंत इलाके की घेराबंदी की. आखिरकार पुलिस की तत्परता रंग लाई और भाग रहे युवक को 'कड़ा की बरिया' इलाके के पास पुलिस ने चारों तरफ से घेरकर दबोच लिया.



### दोबारा हिरासत में पूछताछ शुरू

पकड़े जाने के बाद युवक को कड़ी सुरक्षा के बीच दोबारा सिटी कोतवाली लाया गया. पुलिस अब इस बात की भी जांच कर रही है कि युवक आखिर किस डर की वजह से भागा था. फिलहाल युवक पुलिस की गिरफ्त में है और उससे संबंधित मामले में गहन पूछताछ की जा रही है. इस घटना ने थाने की सुरक्षा और सतर्कता को लेकर भी चर्चाएं छेड़ दी हैं.

### जिला पंचायत की सामान्य सभा आज

**छतरपुर, 29 अप्रैल.** मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 30 अप्रैल गुरुवार को आयोजित की जाएगी. यह बैठक दोपहर 3 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में होगी. बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री करेंगी. बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान की विस्तृत समीक्षा की जाएगी. इसके साथ ही जिले से जुड़े अन्य समसामयिक और विकासात्मक विषयों पर भी चर्चा होगी.

# जनसुनवाई में आई महिला को दो घंटे में मिला संबल

■ कलेक्टर जैसवाल ने सौंपा नियुक्ति पत्र ■ पति के निधन के बाद आर्थिक तंगी से जूझ रही थी अंजू रैकवार

**छतरपुर, 29 अप्रैल. जिला प्रशासन ने मानवता और त्वरित कार्यप्रणाली की एक अनूठी मिसाल पेश की है. कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में आयोजित जनसुनवाई में पहुंची एक पीड़ित महिला को महज 120 मिनट के भीतर अनुकंपा नियुक्ति का आदेश प्रदान कर दिया गया.**

इस संवेदनशील कार्रवाई से न केवल एक परिवार को आर्थिक संबल मिला, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था पर जनता का विश्वास भी गहरा हुआ है. आवेदिका अंजू रैकवार के पति स्व. धनीराम रैकवार जनपद पंचायत बिजावर में भृत्य के पद पर कार्यरत थे. सेवाकाल के दौरान उनका आकस्मिक स्वर्गवास हो गया था. घर के इकलौते कमाऊ सदस्य के जाने के बाद अंजू और उनका परिवार गहरे आर्थिक संकट से जूझ रहा था. मंगलवार को अंजू अपनी फरियाद लेकर जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचीं.



> 'पति के जाने के बाद भविष्य धुंधला दिख रहा था, लेकिन प्रशासन ने इतनी जल्दी मदद की कि अब मैं अपने परिवार का ख्याल रख सकूंगी. मैं शासन और जिला प्रशासन की हृदय से आभारी हूँ.'
> **- अंजू रैकवार, आवेदिका**

### सीईओ की तत्परता

जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया ने आवेदिका की व्यथा को गंभीरता और संवेदनशीलता से सुना. उन्होंने तत्काल मामले की फाइल तलब की और कलेक्टर के मार्गदर्शन में नियुक्ति प्रक्रिया को प्राथमिकता पर रखने के निर्देश दिए.

### दो घंटे में बदली किस्मत

आमतौर पर महीनों तक चलने वाली अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया को जिला प्रशासन ने रिकॉर्ड 2 घंटे में पूरा कर दिखाया. कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने स्वयं अपने कक्ष में बुलाकर अंजू को नियुक्ति पत्र सौंपा. नियुक्ति पत्र हाथ में आते ही आवेदिका की आंखों में खुशी के आंसू छलक आए.

# मोहल्लों में पहुंचे एसपी ने लोगों से किया संवाद

**छतरपुर, 29 अप्रैल.** एसपी अगम जैन ने बुधवार सुबह थाना कोतवाली क्षेत्र के छोटी कुंजरेहटी मोहल्ले का भ्रमण कर स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद किया. सुबह करीब 8 बजे पुलिस टीम के

**छोटी कुंजरेहटी में समस्याएं सुनीं**
**सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा**

साथ पहुंचे एसपी ने क्षेत्र की समस्याओं, गतिविधियों और सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी ली. भ्रमण के दौरान एसपी ने मोहल्ले की सकरी गलियों का



निरीक्षण किया और स्थानीय रहवासियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं. उन्होंने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आवश्यक सुझाव भी लिए. छोटी कुंजरेहटी की भौगोलिक स्थिति और संकरी गलियों को ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा एक विशेष जोनल प्लान तैयार किया गया है. इस योजना के माध्यम से क्षेत्र में पुलिस व्यवस्था, निगरानी और आपातकालीन प्रतिक्रिया को और बेहतर बनाया जाएगा. एसपी ने नागरिकों से पुलिस का सहयोग करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत देने की अपील की.

# रेल लाइन दोहरीकरण का कार्य मंद

## निर्माण कार्य के समय से पूर्ण होने की संभावना कम

**हरपालपुर, 29 अप्रैल.** झांसी - मानिकपुर रेल ट्रेक पर दोहरीकरण का कार्य कछुआ गति से चल रहा हैं. झांसी रूट पर बेतवा और रोरा के पास लहचूरा पुल के अलावा हरपालपुर तक बिछाई जाने वाले डबल ट्रैक का कार्य अप्रैल 2026 तक पूर्ण नहीं हो सका है. वहीं हरपालपुर में दो नंबर प्लेटफार्म के निर्माण कार्य में कार्य धीमी गति से चलने से निर्माण कार्य के समय से पूर्ण होने की संभावना कम ही दिखती है. जानकारों की माने तो अमृत भारत योजनान्तर्गत



प्लेटफार्म नंबर फार्म 1 पर लगाए जाने वाले एस्केलेटर की जगह सीढ़ी का निर्माण किया जा रहा है, जबकि प्लेटफार्म पर लिफ्ट एवं दो एस्केलेटर प्रस्तावित हैं .वहीं प्लेटफार्म नंबर एक पर अभी तक एस्केलेटर , लिफ्ट का कार्य शुरू नहीं हो सका हैं.

# अवैध शराब के खेल में एसपी का कड़ा एक्शन

## पठा चौकी प्रभारी लाइन अटैच, दो आरक्षक सस्पेंड

**बक्सवाहा/छतरपुर, 29 अप्रैल. जिले की पठा चौकी में अवैध शराब पकड़ने के बाद उस पर वैधानिक कार्रवाई न करते हुए माल को खुर्द-बुर्द ( गोल ) करने का एक गंभीर मामला सामने आया है.**

इस बड़ी लापरवाही और भ्रष्टाचार की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक (एसपी)

**शराब का मामला; वीरेंद्र परस्ते नए चौकी प्रभारी**

अगम जैन ने कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की है. एसपी ने पठा चौकी प्रभारी कुलदीप जादौन को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है, जबकि दो आरक्षकों को निलंबित (सस्पेंड) कर दिया गया है. जानकारी के अनुसार, पठा चौकी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भारी मात्रा में अवैध शराब पकड़ी थी. पुलिस की जिम्मेदारी शराब की विधिवत जब्ती बनाकर मामला दर्ज करने की थी, लेकिन आरोप है कि चौकी पुलिस ने मामले को रफा-दफा करने का प्रयास किया और पकड़ी गई शराब को गायब कर दिया. मामले की भनक जब उच्च अधिकारियों को लगी, तो इसकी गोपनीय जांच कराई गई. जांच में प्रथम दृष्टया लापरवाही और संलिप्तता पाए जाने पर एसपी अगम जैन ने आरक्षक मंगल यादव और पंकज यादव को सस्पेंड कर दिया है. वहीं, अपनी कमान में अनुशासन बनाए रखने में विफल रहने और संदिग्ध भूमिका के चलते चौकी प्रभारी कुलदीप जादौन को लाइन अटैच कर दिया गया है.

चौकी प्रभारी पर हुई इस गाज के बाद रिक्त हुए पद पर वीरेंद्र परस्ते को पठा चौकी का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है. एसपी की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से पूरे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है.



### एसपी का सख्त संदेश

इस कार्रवाई के माध्यम से पुलिस विभाग ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अवैध गतिविधियों में संलिप्तता, भ्रष्टाचार या कर्तव्य के प्रति लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी. दागी और लापरवाह पुलिसकर्मियों पर आगे भी गाज गिरना तय है.

न्याय की गुहार ▸ ढाई साल की बच्ची को लेकर हुई फरार, मासूम कर रहे मां का इंतजार

# इंस्टाग्राम के मायाजाल में फंसी पांच बच्चों की मां

**छतरपुर, 29 अप्रैल.** सोशल मीडिया का मोह किस कदर परिवारों को तबाह कर रहा है, इसका एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है. इंस्टाग्राम पर एक युवक से हुई दोस्ती के बाद एक महिला अपने पांच बच्चों को छोड़कर घर से चली गई. महिला अपने साथ ढाई साल की बच्ची को भी ले गई है.

घटना को एक माह से अधिक समय बीतने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं, जिससे आक्रोशित परिजनों ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई.



**इलाज का बहाना बनाकर निकली थी घर से-** पीड़ित पति मूलचन्द्र अहिरवार ने बताया कि वह दिल्ली में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है. बीती 30 मार्च 2026 को उसकी पत्नी जिला अस्पताल में इलाज कराने का बहाना बनाकर घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी. 1 अप्रैल को कोतवाली थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी. पति का आरोप है कि पुलिस को महिला की लोकेशन का पता 15 दिन पहले ही चल गया था, लेकिन इसके बावजूद उन्हें कोई पुख्ता जानकारी नहीं दी जा रही है.

**सोशल मीडिया पर 'कट्टे-बंदूक' वाले युवक से हुई दोस्ती-** परिजनों के अनुसार, महिला इंस्टाग्राम के माध्यम से एक संदिग्ध युवक के संपर्क में आई थी. उक्त युवक सोशल मीडिया पर कट्टे और बंदूक के साथ वीडियो पोस्ट करता है, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है. परिजनों को आशंका है कि महिला उसी युवक के झांसे में आकर घर से भागी है. जाते समय महिला अपने साथ जरूरी दस्तावेज और बैंक पासबुक भी ले गई है.

**घर में चार मासूमों का रो-रोकर बुरा हाल-** इस घटना ने एक हंसते-खेलते परिवार को बिखेर दिया है. घर पर मौजूद चार मासूम बेटियां अपनी मां के लिए तड़प रही हैं. वे बार-बार अपने पिता से एक ही सवाल पूछती हैं- 'मम्मी कब आएंगी?' भावुक पिता ने एसपी से अपनी पत्नी और छोटी बच्ची को सुरक्षित वापस लाने की अपील की है.

### पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

मामले में एक माह से अधिक समय बीत जाने और सुराग मिलने के बावजूद पुलिस द्वारा महिला को दस्तयाब न कर पाना कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा रहा है. परिजनों का कहना है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे. फिलहाल पुलिस अधिकारियों ने परिजनों को जल्द उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है.